10012025-DTM-05_27DT02A.qxd 1/9/2025 10:38 PM Page 1

सुसाइड नोट मिला, जिसमें मृतक के साथ मारपीट करने वाले 5 आरोपियों के नाम

मारपीट से आहत व्यक्ति ने लगाया फंदा, नल लगाने पर हुआ था विवाद

करनाल, 9 जनवरी (हप्र)

गांव कुचपुरा के रहने वाले करीब 43 वर्षीय सुरेश कुमार ने मारपीट से आहत होकर सुसाइड कर लिया। मृतक के पास एक सुसाइड नोट भी मिला हैं, जिसमें मृतक के साथ मारपीट करने वाले 5 आरोपियों के नाम भी लिखे हुए हैं। घटना की सूचना पुलिस को दी गई।

पुलिस ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए और आगामी कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर शव को कब्जा में लेकर पोस्टमार्टम के लिए कल्पना चावला राजकीय मेडिकल कॉलेज के पोस्टमार्टम हाउस में पहुंचाया।

गुस्साये मृतक के परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम करवाने से इनकार दिया, जिससे पुलिस सतर्क हुई और पीड़ितों को मनाने में जुट गई। परिजनों ने कहा कि जब तक आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया जाएगा, तब तक पोस्टमार्टम नहीं कराया जाएगा।

आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर मृतक के परिजन जाम लगाने के लिए मेडिकल कॉलेज की सामने वाली सड़क पर पहुंच गए। पुलिस कर्मचारियों और गांव के मौजिज लोगों ने सड़क पर जाम लगाने का प्रयास करने वाली महिलाओं को समझाया, जिसके बाद महिलाएं मान गई।

करनाल में कल्पना चावला राजकीय मेडिकल कॉलेज के गेट पर बृहस्पतिवार को मृतक के परिजनों से बातचीत करते डीएसपी राजीव। -हप्र

मृतक के रिश्तेदार प्रवीन, मौसी सुनीता ने बताया कि गत दिनों सुरेश कुमार के साथ गांव के ही पांच लोगों के साथ टूंटी लगाने को लेकर विवाद हुआ था, विवाद में सुरेश कुमार को बहुत बुरी तरह से मारापीटा था, उसके गुप्तांग पर चोटें मारीं।

इससे सुरेश कुमार काफी आहत था। पुलिस से आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की जा रही थी। इसी बीच 9 जनवरी को सुरेश कुमार ने फंदे पर लगाकर जीवन लीला समाप्त कर ली। मृतक के पास से एक सुसाइड नोट भी मिला हैं, जिसमें पांच लोगों के नाम लिखे हैं। सुसाइड नोट पुलिस के पास हैं, लेकिन पुलिस आरोपियों को गिरफ्तार नहीं कर रही। उन्होंने कहा कि जब तक आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया जाएगा, तब तक शव का पोस्टमार्टम नहीं कराया जाएगा।

उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि पुलिस मामले में कार्रवाई नहीं कर रही है, क्योंकि जिन लोगों पर आरोप लगे हैं, उनमें एक पुलिसकर्मी के 2 बेटे भी शामिल हैं। पुलिस अधिकारी ने बताया कि मामले की हर पहलू को ध्यान में रखकर जांच की जा रही है, जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

अधोया पंचायत ने लिया जमीन पर कब्जा

बराड़ा, 9 जनवरी (निस)

गांव अधोया में बृहस्पतिवार को भारी पुलिस बल और प्रशासनिक टीम ने पंचायती जमीन पर कब्जा लिया। वहीं, दूसरे पक्ष के अशोक छाबड़ा का कहना है कि यह जमीन उसकी भाभी सुदेश मेहता के नाम थी। सरपंच वीना रानी ने बताया कि अधोया पावर हाउस के पीछे पंचायतदेह की 8 कनाल 13 मरले जमीन पर सुदेश मेहंदीरत्ता पत्नी भीमसेन कई वर्षों से खेती कर रही है। इस जमीन से कब्जा छुड़वाने के लिए बराड़ा के एसडीएम को लिखित अपील की गई, जिस पर एसडीएम बराड़ा ने 24 अक्तूबर को इस जमीन पर ग्राम पंचायत का हक बताया। इसके बाद यह मामला अम्बाला डीसी के पास पहुंचा और डीसी ने 7 जनवरी को इस जमीन पर पंचायत को कब्जा करने के निर्देश दिए। इसके लिए पंचायत विभाग के एसडीओ शिवम चंदा को ड्यूटी मैजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया। बृहस्पतिवार सुबह पंचायत विभाग की टीम मौके पर पहुंची। इसके लिए बराड़ा थाना प्रभारी गुलशन कुमार के साथ भारी पुलिस बल मौजूद रहा। मौके पर पहुंचे डीएसपी ने कब्जे की कार्रवाई शुरू करवाई। उन्होंने कहा कि प्रशासनिक आदेश का पालन सभी को करना होगा और जो इसका विरोध करेगा, उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई होगी। इस अवसर पर बराड़ा थाना प्रभारी गुलशन कुमार, ग्राम सचिव अनुज कुमार, सरपंच प्रतिनिधि कैलाश शर्मा समेत अन्य पुलिस और प्रशासनिक कर्मचारी मौजूद रहे।

उचाना में मॉनिटरिंग कमेटी के चेयरमैन का दौरा

बोले- विकास की योजना बन रही, प्लानिंग के साथ होगा विकास

उचाना, 9 जनवरी (निस)

हरियाणा के कुरुक्षेत्र में 48 कोस परिधि में आने वाले उचाना के तीन तीर्थों का दौरा करने के लिए कुरुक्षेत्र 48 कोस तीर्थ मॉनिटरिंग चेयरमैन मदन मोहन छाबड़ा पहुंचे। भाजपा विधायक देवेंद्र चतुर्भुज अत्री उनके साथ इस दौरान मौजूद रहे।

खांडा, कसूहन में कायाशोधन तीर्थ, लोधर के महर्षि लोमश ऋषि तीर्थ का जायजा लिया। कुरुक्षेत्र 48 कोसी भूमि के अधीन 182 तीर्थ आते हैं।

उचाना क्षेत्र के अधीन आने वाले कसूहन, लोधर, खांड के तीर्थ भी उनमें शामिल हैं। कसूहन के कायाशोधन तीर्थ को लेकर मान्यता है कि राजा पटियाला कुष्ठ रोग से पीड़ित थे, तो कायाशोधन तीर्थ पर नहाकर उनका कुष्ठ रोग दूर हो गया था।

महाराजा ने उस समय आठ एकड़ जमीन इस तीर्थ को लेकर दी, जो आज भी इसके नाम है। महाराज द्वारा हर साल तीर्थ को लेकर 18 रुपये की राशि दी जाती थी। इस तीर्थ को लेकर एक मान्यता यह भी बताई गई है कि कुरुक्षेत्र में हुए महाभारत युद्ध के दौरान पांडव सेना में शामिल जो सैनिक घायल होते थे, उनके घाव भी यहां पर नहाने से ठीक हुआ करते थे।

उचाना के विधायक देवेंद्र अत्री तीर्थ मॉनिटरिंग चेयरमैन मदन मोहन छाबड़ा के साथ। -निस

कायाशोधन तीर्थ का पुराना इतिहास : अत्री

भाजपा विधायक देवेंद्र अत्री ने कहा कि कायाशोधन तीर्थ का इतिहास बहुत पुराना है। यहां पर स्नान करने से कुष्ठ रोग से मुक्ति मिलती थी। राजा-महाराजा यहां पर स्नान करते थे। यहां स्नान करने के बाद किसी दूसरी जगह स्नान करने की जरूरत नहीं, इस तीर्थ का इतना महत्व है। इसके विकास को लेकर हम आए थे। इससे पहले खांडा गांव भी गए। विकसित उचाना का सपना लेकर हम चले हैं। पानी की समस्या है, जिसके लिए कार्य किया जाएगा।

तीर्थों के विकास की योजना

तीर्थ मॉनिटरिंग चेयरमैन मदन मोहन छाबड़ा ने कहा कि कुरुक्षेत्र 48 कोसीय भूमि है, जिसमें 182 तीर्थ चिन्हित हैं। उन तीर्थों के विकास की योजना लगातार बन रही है। कुछ कार्य पहले हो रहे हैं, कुछ बाद में। उन्होंने कहा कि, जब से 2014 में भाजपा की सरकार आई है, पहले पूर्व सीएम मनोहर लाल द्वारा और अब सीएम नायब सिंह सैनी द्वारा घोषणा की गई है कि कुरुक्षेत्र की परिधि में आने वाले सभी तीर्थों का विकास होगा। पहले प्लॉनिंग बनाकर चरणबद्ध तरीके से काम होंगे। सभी काम पूरे होंगे।

कुपोषण मुक्त अभियान के तहत गांव भूना में लगा हेल्थ कैंप

गुहला चीका, 9 जनवरी (निस)

गांव भूना को कुपोषण मुक्त बनाने हेतु बृहस्पतिवार को महिला एवं बाल विकास विभाग ने स्वास्थ्य विभाग के साथ मिलकर हेल्थ कैंप लगाया। महिला एवं बाल विकास विभाग की कार्यक्रम अधिकारी गुरजीत कौर ने बताया कि कुपोषण मुक्त अभियान के तहत विभाग द्वारा गांव भूना को चिन्हित किया गया है। इस गांव में समुदाय आधारित इवेंट के तहत बच्चों की ग्रोथ मॉनिटरिंग की गई, जिसमें वजन और ऊंचाई को मापा गया। सुपरवाइजर दीप्ति ने महिलाओं को अपने आहार में फल व सब्जी शामिल करने को प्रेरित किया। कैंप के दौरान आशा वर्कर व एएनएम के अलावा बच्चों की माताओं के साथ पोषण स्थिति पर चर्चा की गई व मौसम के अनुसार आहार लेने के लिए प्रेरित किया गया। उन्होंने माताओं को बताया कि वे बच्चों के आहार में सोयाबीन, दूध, दही को शामिल करें व खेलकूद द्वारा बच्चों की ऊंचाई को बढ़ाने के लिए प्रेरित करें। डाक्टरों की टीम ने गांव की तीन आंगनवाड़ी केन्द्रों के बच्चों का वेट, हाइट व ग्रोथ की जांच की। गुरजीत कौर ने बताया कि सरकार का लक्ष्य कुपोषण से जूझ रहे बच्चों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना और उन्हें बेहतर पोषण उपलब्ध कराना है।

खबर है...

लापरवाह वाहन चालकों के खिलाफ कसा शिकंजा

बराड़ा (निस) : कोहरे और धुंध में वाहन चालकों को हादसों से बचाने और लापरवाह वाहन चालकों के खिलाफ शिकंजा कसते हुए डीएसपी सुरेश कुमार टीम के साथ मैदान में उतरे हुए हैं। इसी कड़ी में बृहस्पतिवार को डीएसपी ने अधोया चौक पर ओवरलोड और बिना नंबर वाले डंपरों और अन्य वाहनों को रोककर उनके चालान करवाए। डीएसपी ने लापरवाह वाहन चालकों को चेतावनी दी कि यदि फिर भी उन्होंने नियमों का पालन नहीं किया तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बिना हेलमेट और नाबालिग बच्चे, जो बाइक लेकर चल रहे थे, उन्हें समझाया कि हेलमेट डालकर वाहन चलायें और कागज पूरे रखें। उन्होंने अभिभावकों से आह्वान किया कि अपने नाबालिग बच्चो को वाहन न दें। उन्होंने ऑटो चालकों और अन्य वाहन चालकों को चेतावनी दी कि वह अपने वाहन सड़क के ऊपर न खड़ा करें। ट्रैफिक इंचार्ज कर्मवीर सैनी ने कहा कि इस दौरान करीब 40 लापरवाह वाहन चालकों के चालान किये गए।

शहीद गुलाब सिंह सैनी की शहादत को किया नमन

कैथल में शहीद गुलाब सिंह को नमन करते पालाराम सैनी व अन्य। -हप्र

कैथल (हप्र) : मूनलाइट पब्लिक स्कूल में बृहस्पतिवार को शहीद गुलाब सिंह सैनी की शहादत दिवस पर उन्हें नमन किया गया। विद्यालय के एमडी पालाराम सैनी ने बताया कि गुलाब सिंह सैनी का जन्म बल्लभगढ़ के एक साधारण किसान परिवार में हुआ। वे राजा नाहर सिंह की सेना में भर्ती हुए और अपनी बहादुरी से सेनापति और सलाहकार बन गए। मई, 1857 को जब मेरठ व अंबाला से अंग्रेज सेना दिल्ली पर कब्जा करने आई थी तो राजा नाहर सिंह और सेनापति गुलाब सिंह सैनी ने अंग्रेजों से मुकाबला किया था। गुलाब सिंह सैनी की सेना पूरे जोश से लड़ी और अंग्रेजों को मुंह की खानी पड़ी। बाद में दिल्ली पर अंग्रेजों ने कब्जा किया। 9 जनवरी, 1858 को लालकिले के सामने चांदनी चौक पर राजा नाहर सिंह के साथ उन्हें भी फांसी पर लटका दिया गया था। उन पर ब्रिटिश सरकार के खिलाफ बिगुल बजाने का आरोप लगा था। इस अवसर पर सुरजीत सैनी, कृष्णा सैनी, तनुज, विशाल, सुनील, संजय ब्लाक समिति सदस्य भी मौजूद थे।

कार में 5 को मारी टक्कर, 3 की हालत गंभीर

पानीपत (हप्र) : पानीपत शहर के औद्योगिक क्षेत्र सेक्टर-29 पार्ट-टू में फलोरा रोड पर बृहस्पतिवार को दोपहर बाद एक तेज रफ्तार कार से चालक का नियंत्रण छूट गया और उसने एक के बाद एक पांच लोगों को टक्कर मार दी। हादसे में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं, जबकि दो को मामूली चोटें आई हैं। गंभीर रूप से घायलों में से पिंटू व रणबीर ऊझा को निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया है, जबकि गंभीर रूप से घायल तीसरे युवक को दिल्ली रेफर कर दिया गया है। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई और कार चालक को पकड़कर उसकी पिटाई कर दी। हालांकि कुछ दूसरे लोगों ने कार चालक को छुड़वाया। स्थानीय लोगों ने डायल 112 पर पुलिस को हादसे की सूचना दी। आरोप है कि सूचना देने के बाद भी एंबुलेंस और पुलिस की गाड़ियां देरी से मौके पर पहुंचीं। प्रत्यक्षदर्शी ओमप्रकाश, प्रमोद व स्थानीय लोगों ने बताया कि कार ड्राइवर नशे की हालत में लग रहा था। जब लोगों ने उसको पकड़ा तो वह कह रहा था कि उसे चक्कर आ रहे हैं। कार ड्राइवर की जान गाड़ी के एयरबैग खुलने से बची है। उसकी गाड़ी में कारपेट रखे हुए हैं, उससे लगता है कि वह किसी इंडस्ट्री से जुड़ा हुआ है। सेक्टर-29 थाना प्रभारी दीपक ने बताया कि पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है। अभी दो घायलों का निजी अस्पताल व एक को दिल्ली रेफर करने का पता चला है। उन्होंने कहा कि कार चालक अभी पकड़ा नहीं गया है।

वार्ड नंबर 17 दस साल से लावारिस : सुमन लता

यमुनानगर के वार्ड नंबर 17 में कछुआ चाल से चल रहा सड़क निर्माण कार्य। -हप्र

यमुनानगर (हप्र) : पिछले दस साल से यमुनानगर के वार्ड नंबर 17 की गलियों का निर्माण कार्य आधा-अधूरा है। वार्ड वासियों का यह भी आरोप है कि दस माह पहले महीनों जतन करने के बाद निगम प्रशासन और सरकार ने गलियों के सुधार की मांग मानी, परन्तु लापरवाही और कछुआ चाल की वजह से वार्ड नंबर 17 के लोग अभी भी पीने के पानी सहित सड़क बनने से महरूम हैं। गली वालों का कहना है कि निवर्तमान मेयर ने अपने कार्यकाल के दौरान इन गलियों का विकास कार्य शुरू करवाया था और कहा था कि प्राथमिकता के आधार पर कालोनी वासियों की गलियों का विकास कार्य संपूर्ण किया जाएगा। परन्तु 10 मास बीतने के बाद भी विकास कार्य अढाई कोस भी नहीं चला। वार्ड नंबर 17 से प्रत्याशी सुमन लता ने इलाके का दौरा करते हुए कहा कि प्रशासन ने एक-दो गलियों में सीवरेज तो डाला पर सड़क निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं किया। उन्होंने कहा कि पहले जनस्वास्थ्य विभाग सालों पानी के ट्यूबवेल लगाने के लिए जमीन के न होने के बहाने बनाता रहा और अब जब लोगों ने अपने पैसे खर्च कर जमीन उपलब्ध करवाई तब भी केवल ट्यूबवेल लगाने का शिलान्यास तो किया, परन्तु टेंडर नहीं लगाया। वरिष्ठ अधिवक्ता अरुणा कौशिक ने जोर देकर कहा कि स्लम बस्ती होने का परिणाम भुगत रही है जनता। ये जनता सिर्फ वोट देने के वक्त सभी राजनीतिक दलों को याद आती है। निर्माण कार्य के नाम पर उन्हें केवल लालीपॉप दिया जाता है।

टोहाना रेलवे स्टेशन को अमृत भारत योजना में शामिल करने को सौंपा ज्ञापन

राज्यसभा सांसद सुभाष बराला, दैनिक रेलयात्री एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेश नागपाल टोहाना रेलवे स्टेशन संबंधी समस्याओं को लेकर रेल मंत्री को मिलते हुए। -निस

टोहाना, 9 जनवरी (निस)

दैनिक रेलयात्री वेलफेयर एसोसिएशन टोहाना के प्रधान व रेलवे के डीआरयूसीसी के सदस्य राजेश नागपाल ने राज्यसभा सांसद सुभाष बराला के साथ रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात करके इस हलके के परिवारों को रेल सुविधाएं संबंधी ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में टोहाना रेलवे स्टेशन को अमृत भारत योजना में शामिल करने, टोहाना में नयी रेल गाड़ियों का ठहराव बनाने, रेलवे मानकों अनुसार टोहाना स्टेशन की प्रतिदिन आय 1.95 लाख रुपए से अधिक होने का तर्क देते हुए हिसार-चंडीगढ़ के बीच नयी रेलगाड़ी शुरू करने, नयी दिल्ली से अमृतसर के बीच वाया रोहतक, जींद, टोहाना, जाखल, धूरी रेलगाड़ी शुरू करने की मांग की। इसके अलावा गंगानगर से नांदेड़ साहब, अमृतसर से नांदेड़ साहब के लिए गाड़ियों का टोहाना में ठहराव, सुपरफास्ट रेलगाड़ियों के टोहाना में ठहराव बनाने की मांगों को भी रखा गया। सांसद सुभाष बराला एवं राजेश नागपाल ने बताया कि ज्ञापन पर रेलमंत्री ने आश्वस्त किया है कि उनकी मांगों पर गौर किया जाएगा।

मंत्री ने जाखल-हिसार से रेल रूट पर जमालपुर शेखां में सभी ट्रेनों के पुराने समयानुसार ठहराव की मांग को जल्द पूरा करने की बात कही है।

अमेरिका में हादसे में कैथल के युवक की मौत

कैथल, 9 जनवरी (हप्र)

कैथल के रहने वाले एक युवक की अमेरिका के टेक्सास में सड़क हादसे में मौत हो गई। परिजनों ने कैथल की डीसी प्रीति से मिलकर मदद की गुहार लगाई है। इस संबंध में एसपी को प्रार्थना पत्र देकर शव को कैथल लाने के लिए सहायता मांगी है। बृहस्पतिवार को एसपी राजेश कालिया को लिखे पत्र आरके पुरम निवासी गौरव मदान ने कहा है कि उन्होंने लाखों रुपए खर्च कर भाई सक्षम को विदेश भेजा था।

अब उनके पास इतनी रकम नहीं है कि वह अमेरिका से शव को कैथल ला सकें। शव को लाने के लिए पुलिस और प्रशासन उनकी मदद करे। उसने बताया कि उसका भाई सक्षम छह जनवरी शाम को साइकिल पर ड्यूटी जा रहा था। जैसे ही उसने ट्रैफिक सिग्नल पार कर अपनी साइकिल रोकी तो पीछे से आ रहे एक गाड़ी चालक ने साइकिल को टक्कर मार दी।

हादसे में घायल सक्षम को तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। सक्षम अमेरिका में एक स्टोर पर नौकरी करता था। उसको करीब एक माह पहले ही नौकरी मिली थी।

सांसद ने लिया संज्ञान

सांसद नवीन जिंदल ने इस बात का संज्ञान लेते हुए ज्वाइंट सेक्रेटरी एएमएस मिनिस्ट्री ऑफ एक्सटर्नल अफेयर्स को पत्र लिखा है और युवक सक्षम का शव भारत वापस लाने की बात के लिए निवेदन किया है।

एचएमपी वायरस को लेकर पैनिक न हों, सावधानी जरूर बरतें : डॉ. गुटैन

बोले : सरकार द्वारा दिये निगरानी के निर्देशों का पालन होगा

अरविंद शर्मा/हप्र

जगाधरी, 9 जनवरी

चीन से शुरू हुए एचएमपी वायरस को लेकर स्वास्थ्य विभाग चौकस हो गया है। हालांकि विभाग ने लोगों को पैनिक न होने की अपील की है। इसे लेकर जिला मुख्यालय स्थित सिविल अस्पताल में स्वाइन फ्लू को लेकर बनाये गए वार्ड का ही जरूरत पड़ने पर इस्तेमाल किया जाएगा।

स्वास्थ्य विभाग के उप सिविल सर्जन एवं निगरानी अधिकारी डा. वागेश गुटैन ने बताया कि इसे लेकर सरकार से निगरानी निर्देश आए हैं। इन पर पूरी तरह से अमल किया जाएगा। डा. गुटैन ने कहा कि यह वायरस सामान्य संक्रमण है। करीब 20 पहले भी यह देश में पाया गया था। उन्होंने कहा कि यह सर्दी में होने वाली बीमारी है। डा. गुटैन ने कहा कि यह मौसमी वायरस है।

उन्होंने कहा कि बच्चों को लेकर विशेष सावधानी बरतने की जरूरत है। दो साल के बच्चों व उम्रदराज लोगों को यह संक्रमण प्रभावित कर सकता है। इसके अलावा कमजोर इम्युनिटी वाले भी इससे प्रभावित हो सकते हैं, लेकिन इससे घबराने की कतई जरूरत नहीं है। उप सिविल सर्जन ने कहा कि खांसी, जुकाम व बुखार होने पर चिकित्सक से जांच जरूर करायें। खांसी, जुकाम व बुखार के लोग मास्क लगाएं। दूसरों के संपर्क में न आएं। उचित दूरी बनाकर रखें। स्वच्छता का विशेष ध्यान रखें। हाईजनिक खाद्य पदार्थों का सेवन करें। खांसी, जुकाम व बुखार को लेकर बच्चों, अस्थमैटिक व बुजुर्गों का खास ख्याल रखें।

डॉ. वागेश का कहना है कि संक्रमित होने पर कइयों को इसका पता भी नहीं चलता, क्योंकि यह बिल्कुल सामान्य होता है। यह रोग बिल्कुल भी खतरनाक नहीं है। उन्होंने लोगों से सिर्फ थोड़ी-सी एहतियात बरतने की अपील की। उनका कहना है कि सर्दी के मौसम में वैसे भी बुखार, खांसी-जुकाम होना आम बात है।

2.90 लाख की लूट में शिकायतकर्ता ट्रैक्टर चालक ही निकला मुख्य आरोपी

डबवाली, 9 जनवरी (निस)

गत दिवस अबूबशहर के निकट ट्रैक्टर चालक के हाथ-पैर बांध कर करीब 2.90 लाख रुपये की लूट में शिकायतकर्ता ट्रैक्टर चालक ही मुख्य आरोपी निकला। उसने स्वयं ही मालिक के रुपये हड़पने की नीयत से वारदात का झूठा आडंबर रचा था। सदर पुलिस ने वारदात का पर्दाफाश कर ट्रैक्टर चालक बलकरण सिंह वासी हनुमानगढ़ से रकम को बरामद कर लिया है। वारदात की पर्दाफाश करने में थाना प्रभारी ब्रह्म प्रकाश व चौटाला चौकी के प्रभारी आनन्द ने अहम भूमिका निभाई। कल 8 जनवरी को सदर पुलिस को मिली सूचना मिली थी प्रातः 4 बजे अबूबशहर के निकट दो मोटरसाइकिल सवारों द्वारा उससे डंडों से मारपीट करके बंधक बना लिया व उसे घायल करके उससे 2.90 लाख रुपये लूट कर फरार हो गये। वहां से गुजर रहे ट्रक चालक ने सड़क पर चिल्ला रहे घायल बलकरण सिंह को देख पुलिस को सूचित किया था। बता दें कि हनुमानगढ़ के आढ़तिया दीपक ने ट्रेक्टर चालक बलकरण सिंह को 110 क्विंटल बाजरा ट्रेक्टर ट्राली पर लुधियाना भेजा था, जिसकी अदायगी रकम करीब 2.90 लाख रुपये लेकर बलकरण सिंह वापस हनुमानगढ़ को जा रहा था। बड़ी रकम को हडपने के लालच में उसने लूट की मनघड़ंत वारदात की तथाकथित कहानी को रच दिया। थाना सदर डबवाली के प्रभारी ब्रह्म प्रकाश ने बताया कि ट्रैक्टर मालिक विनोद कुमार निवासी हनुमानगढ़ से ट्रैक्टर में लगे जीपीएस लोकेशन व सीसीटीवी फुटेज जांच में वारदात के कोई साक्ष्य नहीं मिला।

मालिक के रुपये हड़पने की नीयत से रचा था वारदात का झूठा आडंबर

करनाल के विकास में नहीं छोड़ूंगा कोई कोर-कसर : जगमोहन आनंद

करनाल में धन्यवादी दौरे पर बृहस्पतिवार को शहरवासियों के बीच विधायक जगमोहन आनंद। -हप्र

करनाल, 9 जनवरी (हप्र)

करनाल के विधायक जगमोहन आनंद ने कहा कि करनाल के विकास में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ूंगा। करनाल से जुड़ी विकास परियोजनाओं को पूरा करने में और तेजी लाई जाएगी। इसके साथ-साथ जनता से जुड़े जो भी मुद्दे हैं, उन्हें भी विधानसभा के पटल पर उठाकर उन्हें पूरा करने का प्रयास करूंगा। विधायक बृहस्पतिवार को करनाल के चांद सराये क्षेत्र में धन्यवादी कार्यक्रम में पहुंचे थे।

कार्यक्रम में पहुंचने पर रामपाल कारसा व अन्य लोगों ने फूल माला पहनाकर उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया। इसके उपरांत उन्होंने संबोधित करते हुए कहा कि करनाल की जनता मेरा परिवार है।

उनसे जुड़े मुद्दे, समस्याएं मेरी अपनी हैं।

इन समस्याओं का निराकरण करने के लिए लगातार अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए जा रहे हैं। इसके अतिरिक्त अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठकें भी आयोजित की जा रही हैं। करनाल की जनता से जुड़ी समस्याओं को जल्द से जल्द समाधान का पूरजोर प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि करनाल की जनता से जुड़े मुद्दों व आगामी विकास परियोजनाओं की सूची तैयार की जा रही है। इन्हें मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और करनाल के सांसद व केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के समक्ष रखा जाएगा और इन्हें जल्द से जल्द पूरा करने का प्रयास किया जाएगा। इसके साथ-साथ उन्होंने कहा कि आमजन की कोई भी समस्याएं हैं, वे सीधे उन तक पहुंचा सकते हैं।

इस मौके पर उन्होंने आमजन की समस्याओं को भी सुना और अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए। इस मौके पर सरपंच रामपाल कारसा, सुरेंद्र लोधी, पूर्व प्रसाद, विकास तंवर, ईश्वर सिंह, शमशेर सिंह, सूरजभान, गोपी, ध्रुव, गोपी, राजन, सतपाल, सुभाष, राजकुमार, रणबीर, सुरेश, संदीप, विजय, सतपाल व अन्य मौजूद रहे।

सार्वजनिक सूचना

यह सार्वजनिक सूचना दी जाती है कि हम, बीपीटीपी लिमिटेड ("कंपनी"), सेक्टर 102, गुरुग्राम, हरियाणा में स्थित 12.05 एकड़ भूमि के विकासकर्ता हैं। कंपनी इस भूमि पर समूह आवासीय परियोजना को चरणबद्ध तरीके से विकसित करने का प्रस्ताव / योजना बना रही है ("उक्त संपत्ति")।हमारे ध्यान में आया है कि कुछ तृतीय पक्ष / असामाजिक तत्व हमारी सहमति के बिना और रियल एस्टेट (नियमन और विकास) अधिनियम, 2016 ("अधिनियम") के प्रावधानों का उल्लंघन करते हुए उक्त संपत्ति का प्रचार और विपणन कर रहे हैं।

हम यह स्पष्ट करना चाहते हैं कि हमें अभी तक उक्त संपत्ति पर किसी भी परियोजना के लिए हरेरा (HRERA) के तहत पंजीकरण प्राप्त नहीं हुआ है। एक जिम्मेदार और कानून का पालन करने वाले डेवलपर के रूप में, हम स्पष्ट रूप से यह बताते हैं कि:

- हमने उक्त संपत्ति पर किसी भी परियोजना को लॉन्च या विपणन नहीं किया है।
- वर्तमान में हम कोई बुकिंग आमंत्रित या स्वीकार नहीं कर रहे हैं।
- हमारी लिखित सहमति के बिना और अधिनियम के तहत पंजीकरण के बिना तृतीय पक्ष द्वारा की गई उक्त संपत्ति से संबंधित कोई भी प्रचार गतिविधि अवैध, अस्वीकृत और कंपनी द्वारा अनुमोदित नहीं है।

हम कानूनों के अनुपालन में उचित समय पर उक्त संपत्ति पर परियोजना लॉन्च करेंगे। आम जनता से अनुरोध है कि तृतीय पक्ष द्वारा किए गए किसी भी प्रचार प्रस्ताव या दावे के प्रति सतर्कता और सावधानी बरतें और ऐसे किसी भी अनधिकृत प्रचार और प्रस्तावों में शामिल होने से बचें।ऐसे तृतीय पक्षों के साथ किसी भी प्रकार की बातचीत या अनधिकृत प्रचार सामग्री / प्रस्तावों पर प्रतिक्रिया देना आपकी अपनी जिम्मेदारी और जोखिम पर होगा।

कंपनी ऐसे अनधिकृत प्रचार सामग्री या प्रस्तावों में संदर्भित किसी भी जानकारी के उपयोग, संदर्भ, या उस पर निर्भरता से उत्पन्न किसी भी प्रकार की जिम्मेदारी, हानि के लिए जिम्मेदार नहीं है और इससे संबंधित सभी दायित्वों को स्पष्ट रूप से अस्वीकार करती है।

बीपीटीपी लिमिटेड
ओटी-14, तीसरी मंजिल, नेक्स्ट डोर, पार्कलैंड,
सेक्टर-76, फरीदाबाद, हरियाणा-121004
+91-011-49577-827, www.bptp.com

AUTHUM **औथम इनवेस्टमैंट एंड इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड**

रजि. कार्यालय : 707, रहेजा सेंटर, फ्री प्रेस जर्नल रोड, नरीमन प्वायंट, मुम्बई-400021,
शाखा कार्यालय : 1 ए, फर्स्ट फ्लोर, गोपाला टावर 25, राजेन्द्रा प्लेस, नई दिल्ली-110008

कब्जा सूचना

(सिक्योरिटी इन्ट्रस्ट (इनफोर्समेंट) रूल्ज़, 2002 के नियम 8 (2) के अनुसार)

यतः सिक्योरिटी इन्ट्रस्ट (इनफोर्समेंट) रूल्ज, 2002 के नियम 3 के साथ पढ़ी जाने वाली धारा 13(12) के तहत प्राप्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए तथा सिक्योरिटाइजेशन एंड रिकंसट्रक्शन आफ फायनांशियल एसेट्स एंड इनफोर्समेंट आफ सिक्योरिटी इन्ट्रस्ट एक्ट, 2002 के तहत औथम इनवेस्टमेंट एंड इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड ("AIIL") (रिलायंस कमर्शियल फायनेंस लिमिटेड (''RCFL'') से AIIL को एनसीएलटी के आदेश दिनांक 10.05.2024 द्वारा लैंडिंग विजनेस के डीमर्जर करने के रिजल्टिंग कंपनी) के अधिकृत अधिकारी होने के नाते अधोहस्ताक्षरी द्वारा डिमांड नोटिस जारी किया गया, जिसमें कर्जदार/सह कर्जदार को उक्त नोटिस प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के भीतर दर्शाई राशि का भुगतान करने के लिए कहा गया था।

कर्जदार/सह कर्जदार राशि का भुगतान करने में असफल रहे। अतः कर्जदारों/सह-कर्जदार को विशेष रूप में तथा सामान्य रूप से जनता को सूचित किया जाता है कि वे अधोहस्ताक्षरी द्वारा दि सिक्योरिटी इन्ट्रस्ट (इनफोर्समेंट) रूल्ज, 2002 के नियम 8 के साथ पढ़े जाने वाले उक्त एक्ट की धारा 13(4) के तहत प्रदान की गयी शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्नांकित प्रापर्टी का वर्णित तिथि को कब्जा ले लिया गया है।

कर्जदारों/सह-कर्जदार को विशेष रूप में तथा जनता को सामान्य तौर पर चेतावनी दी जाती है कि वे इस प्रापर्टी संबंधी कोई लेन-देन न करें और इस प्रापर्टी संबंधी कोई भी लेन-देन निम्नांकित राशि के लिए औथम इनवेस्टमेंट एंड इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड ("AIIL") के चार्ज पर आधारित होगा।

कर्जदार/सह-कर्जदार/ गिरवीदाता का ध्यान सुरक्षित परिसंपत्ति को रिडीम करवाने हेतु उपलब्ध समय के संबंध में एक्ट की धारा-13 की उपधारा (8) की व्यवस्थाओं की ओर दिलाया जाता है।

क्रमांक	कर्जदार/सह कर्जदार का विवरण/लोन खाता नं.	डिमांड नोटिस की तिथि	कब्जे की तिथि/ कब्जे का स्टेटस	डिमांड नोटिस की तिथि
1.	RHLPAMB000058086, RHLPAMB000058376 & RHLPAMB000052813 / पारस राइस मिल्ज़, नलिन गोयल, सुनीता गोयल, शालीन गोयल, नितिन गोयल, मधुलिका गोयल एवं माणिक गोयल	30.08.2024	07-01-2025 Symbolic possession	Rs.30,59,417/-(Rupees Thirty Lakh Fifty Nine Thousand Four Hundred Seventeen Only), Rs.2,52,55,743/-(Rupees Two Crore Fifty Two Lakh Fifty Five Thousand Seven Hundred Forty Three Only), Rs.13,70,82,295/- (Rupees Thirteen Crore Seventy Lakh Eighty Two Thousand Two Hundred Ninety Five Only)
प्रापर्टी का विवरण : प्रापर्ट्री के सभी हिस्से, गांव दरां खुर्द, तहसील थानेसर, जिला कुरुक्षेत्र में स्थित खसरा नं. 45//17/1/1, 17/1/2, 17/1/3, 17/2/1, 17/2/2, 24 में शामिल, माप 3 कनाल 15 मरले, कुल 05 कनाल 01 मरले में से।				
2.	RHATKNL000052819